# कार्यालय जिलाधिकारी, आगरा।

पत्रांकः 1852 /डीएलआरसी

दिनांक : 03 दिसम्बर, 2025

विषयः जनपद आगरा में इनर रिंग रोड व लैण्ड पार्सल योजना (ग्रेटर आगरा) के अन्तर्गत ग्राम रायपुर एवं रहनकलां में पुर्नग्रहित की गई ग्राम सभा की भूमि का खतौनी में अमलदरामद कराये जाने के संबंध में।

उपजिलाधिकारी,
एत्मादपुर, आगरा।

कृपया, उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्या 1840/डीएलआरसी, 1841/डीएलआरसी एवं 1842/डीएलआरसी, दिनांक 28.11.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा निम्नांकित ग्रामसभा की भूमि का आगरा इनर रिंग रोड व लैण्ड पार्सल योजना (ग्रेटर आगरा) हेतु आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा के पक्ष में सःशुल्क पुनर्ग्रहंण किया गया है, जिसके सम्बन्ध में उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा ने अपने पत्र संख्या 560/डी/एलएसी/25, दिनांक 01.12.2025 (प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि निम्नांकित पुनर्ग्रहित की गई भूमि की धनराशि **मु0–67,86,393/–(सरसठ लाख छयासी हजार तीन सौ तिरानवे मात्र)** रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट संख्या–955347 दिनांक 29.11.2025 को निर्धारित लेखाशीर्षक **"0029–भू राजस्व–00–मालिकाना हक–800– अन्य प्राप्तियां–0806–प्रकीर्ण प्राप्तियां"** में चालान के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक, छीपीटोला आगरा में जमा करा दिया गया है। पुनर्ग्रहित भूमि का विवरण निम्नवत् है :–

तालिका

| क0 सं0 | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | पुनर्ग्रहित रकवा | भूमि की नौइयत | कुल धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | रायपुर | 501 | 0.1240है0 में से 0.1000है0 | नाली | 14,000,45/– |
| | | 800 | 0.1730है0 | आबादी | 30,66,035/– |
| | | 583मि0 | 0.0460है0 | रास्ता | |
| 2 | रहनकलां | 48 | 0.0350है0 | बंजर | 23,20,313/– |
| | | 363/2 | 0.0060है0 | | |
| | | 474मि0 | 0.1040है0 | | |
| योग | | कुल किता–06 | **0.4640है0** | – | **67,86,393/–** |

अतः उपरांकित वर्णित स्थिति के आलोक में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप तालिका में प्रदर्शित भूमि से सम्बन्धित राजस्व अभिलेखों में आदेश संख्या 1840/डीएलआरसी, 1841/डीएलआरसी एवं 1842/डीएलआरसी, दिनांक 28.11.2025 का नामान्तरण करते हुए भूमि का कब्जा एवं दखल आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा को हस्तान्तरित करते हुए अनुपालन आख्या उद्धरण खतौनी एवं दखलनामा की प्रति सहित इस कार्यालय में एक सप्ताह के अन्दर आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें।

*संलग्नकः उपरोक्तानुसार।*

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
आगरा।

संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

**प्रतिलिपि** उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण, आगरा को सूचनार्थ प्रेषित।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)
आगरा।